चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 8 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 137, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : BOTTOM

# टी-20: एसआरएमएस और जीएसटी इलेवन ने जीते मैच



क्रिकेट टूर्नामेंट में पुरस्कार प्राप्त करती विजेता टीम। ● अमृत विचार

**● वेदान प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को हुए मैच**

**बरेली, अमृत विचार :** डोहरा रोड पर निशांत स्टेडियम में वेदान टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को पहले मैच में एसआरएमएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए। शाहरून खान ने 60 और अनुज शर्मा ने 32 रन बनाए। ओवैस क्रिकेट अकादमी के यश भारद्वाज ने चार विकेट लिए। जवाब में ओवैस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अनुज शर्मा ने तीन विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में खलीफा क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 76 रन पर ऑल आउट हो गई। हर्ष राणा ने 49 रन बनाए। जीएसटी इलेवन की तरफ से धीरेंद्र यादव ने चार ओवर में आठ रन देखकर चार विकेट लिए। उन्होंने हैट्रिक भी ली और उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य वीके मिश्रा रहे। डॉ. अमीद मुराद, डॉ. सबीन अहसन, मयंक शुक्ला, अश्वनी ओबेरॉय, विशाल मेहरोत्रा, ओपी कोहली, जैनब फातिमा, एड. हुरिया रहमान आदि लोग मौजूद रहे।